संक्षिप्त

अंकुर गुप्ता का स्वागत

निवाई । विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला मंत्री अंकुर गुप्ता का विधायक निवास पर कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया। जितेन्द्र विजय ने बताया कि अंकुर गुप्ता को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त होने पर विधायक रामसहाय वर्मा के सानिध्य में भाजपा नेता रामप्रसाद महाराजपुरा, सियाराम शर्मा, चिरंजीलाल झांपडी, करणसिंह राजावत, नितिन छाबड़ा, राजेश चौधरी, जितेंद्र विजय, रामविलास बलाई, नंदन पारीक, जयनारायण कुमावत, लक्ष्मण खटाना व जितेंद्र सेन सहित कई कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया।

यश का सूचना सहायक पद पर चयन

मालपुरा (निस)। शहर के पुरानी तहसील निवासी यश विजय पुत्र राममूर्ति विजयवर्गीय का सुचना सहायक मे हुआ चयन। युवा समाजसेवी एवं पुरानी तहसील युवा विकास समिति के सक्रिय सदस्य यश विजय के चयन पर युवा साथियो ने विजय को बधाई दे उज्जवल्ल भविष्य की कामना की। एक किराणा व्यापारी व सामान्य परिवार मे जन्मे यश विजय ने कडी मेहनत व लग्न से आज इस मुकाम पर पहुंच युवा पीढी को मेहनत करने वाले की हार नही होने पर संदेश दिया।

पोषण मेले का आयोजन

शाहपुरा । शाहपुरा पंचायत समिति में राजीविका समूह एवम मंजरी संस्थान के तत्वावधान में पोषण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेंद्र बीपीएम राजीविका थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में स्थानीय पोषण युक्त भोजन का सेवन करना एवं एनीमिया को दूर करना था। कार्यक्रम में मंजरी संस्थान की ब्लॉक समन्वयक खुशबू कुमावत ने बताया कि हमे घर से बने शुद्ध भोजन का सेवन करना चाहिए।

कलेक्टर ने किया आंवा में विकास कार्यों का निरीक्षण

टोंक, देवली । जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उपखंड देवली की ग्राम पंचायत आंवा में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सरपंच दिव्यांश महेंद्र भारद्वाज द्वारा ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की सराहना की।

जिला कलेक्टर ने पुस्तकालय, भीम उद्यान, राजभवन, राजेश्वर महादेव मंदिर, शमशान स्थल पर कराए कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सरपंच दिव्यांश महेंद्र भारद्वाज से राजीविका की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के प्रोत्साहन के लिए कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही, ग्राम पंचायत में स्वच्छता और कचरा संग्रहण के लिए बेहतर कार्य करने के लिए विकास अधिकारी रानू इंडिया का निर्देशित किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा, एसीईओ ललित कुमार भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच दिव्यांश महेंद्र भारद्वाज द्वारा कराए गए विकास कार्यों की सराहना की।

ग्रामीणों ने बताई पेयजल की समस्या- जिला कलेक्टर के समक्ष ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में पेयजल सप्लाई 48 घंटे के अंतराल पर नियमित नहीं होने तथा पानी की गुणवत्ता सही नहीं होने की समस्या बताई। जिला कलेक्टर ने दूरभाष पर जलदाय विभाग के अधिकारियों से बात कर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसडीओ को ग्राम पंचायत में सप्लाई होने वाले पेयजल की क्वालिटी चौक कराने के लिए निर्देशित किया।

पॉम ऑयल पर प्रतिबंध को लेकर राज्यपाल से मिले

श्रीमाधोपुर। किसान महापंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को 19 सितंबर को किसान महापंचायत के प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मिलकर बाजरे की एमएसपी पर खरीद शुरू की जाए एवं ताड (पाम) के तरल पदार्थ का आयात एवं खाद्य तेलों में मिलावट को प्रतिबंधित करने को लेकर प्रधानमंत्री के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। सरसों के तेल में पाम मिलाने पर 2020 में प्रतिबंधित होने के बाद भी मिलावट को रोकने के सार्थक प्रयास नहीं होने से देशवासियों को सरसों का शुद्ध तेल भी उपलब्ध नहीं हों रहा है। मिलावटखोरों द्वारा कमाने के लालच को अधिकार समझने लगे हैं। पॉमऑयल, ताड़ पर तुरंत प्रबंध हो या इस पर आयात शुल्क 300 सौ प्रतिशत किया जाए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, किसान युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बेरवा एवं नीमकाथाना किसान महापंचायत अध्यक्ष बलदेव यादव प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे।

अग्रवाल प्रीमियर लीग का हुआ आयोजन

श्रीमाधोपुर। कस्बे में चल रही अग्रवाल प्रीमियर लीग का आयोजन कयाल धर्मशाला मैदान पर किया गया। प्रीमियर लीग के आयोजन करता विजय मऊवाला ने बताया कि अग्रसेन प्रीमियर लीग 2024 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच अठावाल सुपर किंग्स वर्सेज अठावाल रॉयल्स के बीच खेला गया जिसमें सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स को 10 ओवर में 47 रन का लक्ष्य दिया जिसमे रॉयल्स ने यह मैच 5 विकेट खोकर अंतिम ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर विजेता हासिल की है इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज शिवम नरिया व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज संदीप खुटेटा को दिया गया। इस टूर्नामेंट में सात टीमों ने भाग लीया। मैच के विजेता टीम को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया वहीं उपविजेता टीम को भी पुरस्कृत किया ।इस अवसर पर अठावाल समाज के जुगल चौधरी ,हरि गोकुलका, सुरेश पटवारी, छाजु खेड़ीवाल, प्रिया शरण पटवारी ,सागर हलवाई , बजरंग लाल अमरसरिया, न्यारिया,ओम प्रकाश भूत, बजरंग लाल केडिया, मुरारी न्यारिया, महिला मंडल में मंडल के अध्यक्ष कनक गुप्ता, मीना अमरसरिया, आशा भूत, रेनू गोकुलका, रीना चौधरी, ललिता थोईवाला आदि महिला मंडल की महिलाएं मौजूद थी कार्यक्रम का मंच संचालन व पूरे मैच का विश्लेषण हेमंत खंडेलवाल ने किया । नवयुग मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल व हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि आज रक्तदान शिविर 10 बजे से शाम 5 तक अग्रसेन भवन सरस्वती मैरिज गार्डन में रक्तदान शिविर का किया जाएगा।

धर्मपाल यादव ऊंची कूद में रहे प्रथम

निवाई । 35वीं तहसील स्तरीय शिक्षक क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिटी नंबर 3 के प्रांगण में हुआ। प्रतियोगिता के संयोजक जियाराम मीणा व सह संयोजक रामकिशन गुर्जर ने बताया कि ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धर्मपाल यादव व द्वितीय स्थान महेंद्रकुमार जाट ने प्राप्त किया। इसी प्रकार गोला फेंक प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षक हिमांशु शर्मा ने प्रथम स्थान व सुवालाल मीणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विमल कुमार विजय, सुरेंद्रसिंह नाथावत, धीरजसिंह, रघुनंदन गौतम, भवानीशंकर निराला, मुकेश विजय, रामनरेश विजय, अजगर अली, गोपाल शर्मा, हरिराम गुर्जर, व सुरेश विजय सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

खो-खो में जिला चैंपियन रही खिडगी टीम

निवाई । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिड़गी में 68वीं जिला स्तरीय खो खो 17 व19 वर्ष छात्र वर्ग क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शारीरिक शिक्षक रामकिशन जीवली ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 वर्ष छात्र वर्ग की 16 टीमों के 192 खिलाडियों ने तथा 19 वर्ष छात्र वर्ग की 10 टीमों के 120 खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 17 वर्ष व 19 वर्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राउमावि. खिड़गी की टीम 33 वें साल भी विजेता रही तथा उपविजेता 17 वर्ष में देव विद्या मंदिर डारडातुर्का तथा 19 वर्ष में राउमावि. झिलाय की टीम रही। खिड़गी की टीम पिछले 33 वर्षों से लगातार जिला चैंपियन रह रही है। व्याख्याता हनुमान फागणा ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि निवाई मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपिका सैमुअल, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकार प्रतिनिधि जगदीश नारायण मीणा, दयाराम जाट व वार्ड पंच रामफूल चौहान रहे व समरोह की अध्यक्षता प्रतियोगिता संयोजक रामखिलाड़ी मीना ने की। प्रतियोगिता के समापन में विजेता, उपविजेता व तृतीय स्थान टीमों को ट्रॉफी व खिलाडिय़ों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का समापन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा ध्वज अवतरण करके प्रतियोगिता संयोजक को सुपुर्द करने के साथ हुआ। इस दौरान एसीबीईओ रामनरेश विजय, युसिईओ देवेन्द्रपाल चौधरी, प्रहलाद चौहान, राधेश्याम खंगार व रामगोपाल गार्ड सहित गांव के वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे।

सार-समाचार

गोशाला में किए गोसेवा कार्य

मनोहरपुर । सीकर की सिंहासन गोशाला में गोसेवा की गई। ये गोसेवा राजरानी आर्य की श्राद्ध तिथि पे की गई । गोशाला में गायों को हरा चारा और गुड खिलाया गया। महिमा राठौड़ में बताया की राजरानी आर्य एक धार्मिक प्रवत्ति की महिला थी उनका गौसेवा में अटूट विश्वास था । उनका मानना था की गोसेवा भारतीय समाज में व्यापक रूप से महत्वपूर्ण मानी जाती है। गोमाता की सेवा करने का कार्य धार्मिक और सामाजिक दायित्व माना जाता है। गौसेवा एक आदर्श का प्रतीक है जो मानवता, न्याय, और दया के सिद्धांतों को बढावा देता है। इसके माध्यम से सामाजिक समरसता बढती है और समुदाय के सदस्यों के बीच सौहार्द एवं गौरव की भावना विकसित होती है। महिमा राठौड के साथ संध्या अवस्थी पिंकी जांगिड भारत सेठी साधना सेठी उपस्थित रहे।

फरार आरोपी गिरफ्तार

निवाई । निवाई सदर थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट में दर्ज मामले में दो माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि पोक्सो एक्ट में दो माह पूर्व मामला दर्ज हुआ था। आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। सूचना मिली थी कि आरोपी मूंडिया में आया हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए गठित टीम ने दबिश देकर आरोपी सूरज उर्फ नैनू पुत्र श्योजीलाल मीणा निवासी खेजा की ढाणी तन मूंडिया को गिरफ्तार कर लिया।

कलश यात्रा आज

निवाई । दिव्य ज्योति जाठाति संस्थान के तत्वावधान में 22 से 28 सितंबर तक कृषि उपज मंडी परिसर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा के शुभारंभ पर 21 सितंबर को मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंगल कलश यात्रा का जुलूस सुबह 9 बजे नगर पालिका से रवाना होगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास साध्वी स्वाति भारती कथा वाचन करेंगी।

मीनाथ भगवान का निकला जुलूस

टोंक। उनियारा उपखंड के बनेठा कस्बें में नेमीनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर से सकल जैन समाज के तत्वाधान में गाजे बाजे के साथ भगवान को पालकी में बिठाकर भव्य जुलूस निकाला। जुलूस में खास बात यह रही कि जुलूस आजाद चौक के मुख्य बाजार में रुककर जैन श्रद्धालुओं ने जमीन पर बैठकर प्रभू के भजन कीर्तन किए। फिर भगवान की शोभायात्रा को मुख्य मार्गो से होता हुआ चंद्रप्रभू मन्दिर पहुंचे। वहां भजन कीर्तन कर बड़ा मंदिर परिसर पहुंचे। तत्पश्यात चौसठ ऋद्धि मण्डल विधान करवाया गया।

दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल की सजा

मालपुरा (निस)। मालपुरा थाने मे दर्ज नाबालिग से दुष्कर्म मामले मे सुनवाई करते हुये पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को बीस साल की सजा सुना आर्थिक दण्ड से किया दण्डित। थाने से मिली जानकारी मे सामने आया कि मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र मे मार्च 2०23 मे एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज होने पर मामले मे जांच अधिकारी द्वारा 21 सितम्बर 2०23 को अभियुक्त के विरूद्ध चालान पेश करने के बाद अभियोजन पक्ष की और से अभियुक्ता मोहम्मद मियां गुलजार ने पैरवी करते हुये मामले मे 19 गवाह व 44 दस्तावेज कोर्ट मे पेश किये जाने पर पॉक्सो कोर्ट न्यायालय ने अभियुक्त संदीप कुमार मैहरू को बीस साल की सजा सुनाते हुये 2 लाख 1० हजार रूपये का लगाया जुर्माना।

बंदरों ने दो वृद्ध जनों को किया जख्मी

सिकराय (निंस)। उपखंड के गीजगढ व टोरड़ा गांव में बंदरों के आंतक होने से आमजन अति परेशान बने हुए है। शुक्रवार को गीजगढ कस्बे में मकानों की छत से कूदकर भाग रहे बंदर ने मकान में बैठे वृद्ध जन पर हमला बोल दिया। जिसमें रमेश चंद चतुर्वेदी घायल हो गए। जिनका गीजगढ अस्पताल में उपचार करवाया। वहीं टोरडा गांव में भी बंदर ने घर के बाहर बैठे वृद्ध जन को जख्मी कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर कस्बे से बंदरों का रेस्क्यू करके दूर अन्यत्र स्थान पर छुडवाने की मांग की है।

गऊ माता जागरण 28 को

श्रीमाधोपुर। एक शाम गऊ माता के नाम धार्मिक कार्यक्रम को लेकर करकर्ताओं में भारी जोश है। श्रीराम गऊ नंदीशाला, हाँसपुर में 28 सितंबर शनिवार को तृतीय विशाल रात्रि जागरण किया जा रहा जिसका प्रचार प्रसार जोरों पर किया जा रहा है, इसी के तहत शहर श्री रघुनाथ जी मंदिर से शुरू करके स्टेप बाय स्टेप स्कूल, श्रीकृष्ण गौशाला के पास और बालाजी जिम अनाज मंडी आदि स्थानों पर पोस्टर विमोचन कर प्रचार किया गया, वहीं हाँसपुर ग्राम पंचायत में घर घर जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है, प्रबंधक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि शहर में ओम प्रकाश सैनी (प्रधान) व गांव में विश्वनाथ शर्मा की अगुवाई में प्रचार किया जा रहा है। शहर में श्री रघुनाथ मंदिर के पुजारी बुद्धि प्रकाश नयनका जोशी, मुकेश सैनी, गांव में प्रकाश शर्मा, किशन कुमावत, मोतीराम सैनी, सागर शर्मा, बनवारी लाल सैनी, वासुदेव शर्मा आदि उपस्थित थे।

राजमाता होलकर की जयंती पर व्याख्यान

दौसा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ; राजस्थान के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नवल किशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया। ककार्यक्रम के मुख्य वक्ता जयपुर विभाग संयोजक एवं शैक्षिक मंथन के संपादक प्रो. शिवशरण कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर का भारतीय सांस्कृतिक धरोहर में महत्वपूर्ण स्थान है।

उन्होंने शिक्षा,समाज, और आर्थिक विकास के प्रति जो दृष्टिकोण प्रस्तुत कियाए वह आज भी प्रासंगिक है। प्रोण् कौशिक ने महिला शिक्षा और वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए राजमाता द्वारा खोले गए संस्थानों और दी गई आर्थिक सहायता की सराहना की। उन्होने बताया कि अहिल्याबाई ने पूरे भारत में धार्मिक स्थलों, नदियों के किनारे घाटोंए शिक्षण संस्थाओंए धर्मशालाओंए सडकोंए नहरोंए और जलाशयों का निर्माण कर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रो. कौशिक ने आगे कहा कि उनके जीवन दर्शन से हमारे राजनीतिज्ञों, शिक्षकों, समाजसेवियों, और विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालाराम मीणा ने संगठन की रीति.नीति पर विचार किए। दौसा जिला कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. चंद्र प्रकाश महेन्द्रा ने अहिल्याबाई के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी समाज के सभी क्षेत्रों में प्रासंगिक है।

- डॉ. चंद्र प्रकाश ने अहिल्याबाई के कृतित्व पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिराम मीणा ने कियाए और कई अन्य विद्वान, जैसे डॉ. संजय जैन, डॉ. के बी बंसल, डॉ. देवव्रत शर्माए डॉण् रीता गुप्ताए और अन्य ने भी इस अवसर पर भाग लिया। अस आयोजन ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर के योगदान को याद करते हुए शिक्षा और समाज के लिए उनके दृष्टिकोण को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया ।

मजदूर की मौत पर 7 लाख मंदिर ट्रस्ट देगा

अचरोल । चंदवाजी थाना क्षेत्र के ताला मोड़ बस स्टैंड दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जैन मंदिर में गुरुवार शाम को मंदिर में टीन सेट लगाते हुए एक मज़दूर को करंट लग गया था जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई । युवा नेता रूपनारायण मीना ने बताया अणी सीरा की ढाणी निवासी हनुमान सहाय मीणा पुत्र गुलाराम मीणा उम्र 55 वर्ष जैन मंदिर में टीन सेट लगा रहा था तभी ऊपर से जा रही 11 हज़ार केवी हाई टेंशन लाइन के टच हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । घटना को लेकर परिजनों मंदिर प्रशासन और बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों और परिजनों में आक्रोश व्याप्त हो गया । जानकारी के अनुसार सात लाख रुपये मंदिर ट्रस्ट मुआवजे के रुप में देगा। जैन मंदिर के बाहर ही धरने पर बैठ गए। मृतक का शव निम्स हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखा हुआ है। मन्दिर की सुरक्षा को लेकर आमेर तहसीलदार अविनाश चौधरी और चंदवाजी थाना अधिकारी सुगन सिंह के नेतृत्व में पुलिस का भारी पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। धरने में आमेर विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा आमेर युवा नेता रूपनारायण सहित कई ग्राम पंचायत के सरपंच मौजूद रहे।

स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

दौसा। राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर शुक्रवार को रोटरी क्लब के सहयोग से कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय टाईप, रामकुण्ड दौसा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

ईएचसीसी अस्पताल से स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. मामी बेहरूक, डॉ. रक्षिता पंवार व सुरभी माथुर ने सभी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जॉच की। इस शिविर में सभी बच्चो की मधुमेह और रक्तचाप की जांच भी गई। शिविर में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपनी समस्याएं बताकर स्वास्थ्य जांच करवाई। स्कूल प्राचार्य मिथलेश मीना ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज की जीवनशैली से उपजी चुनौतियों में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है।

ऐसे में बच्चों से लेकर बडों तक को स्वास्थ्य जांच समय.समय पर करवाते रहना चाहिए। शिविर में डाक्टर ने कहा की बच्चो में एनीमिया का सबसे बड़ा कारण पेट में कीड़ों का होना होता है। यह कीड़े दूषित जल और खाद्य पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। इसके लिए साफ- सफाई बहुत जरूरी है। एनीमिया में सांस लेने में दिक्कत, थकानए हाथ- पैर ठंडे होना, त्वचा में पीलापन, कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दिल की अनियमित धडकन, जोड़ों और पेट में दर्द हो सकते हैं। फल.सब्जियां, साबुत अनाज और पौधों से मिलने वाले खाद्य पदार्थ शरीर के लिए जरूरी अधिकतर पोषक तत्वों की पूर्ति करने में मदद करते हैंए साथ ही ये स्वस्थ उम्र को बढाने में भी सहायता करते हैं।

- डॉ. रक्षिता पंवार, डॉ. मामी बेहरुक व सुरभी माथुर ने सभी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जॉच की।

इस दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष महेश साकूनियॉ, गजेन्द्र झाला, शिवशंकर सोनी, सत्येन्द्र डोवठा, अभिषेक चैधरी, कपूर कोली, नन्दकिशोर शर्मा, मोसम मीना, कृतिका शर्मा सहित विधालय स्टॉफ मोजूद रहे।

पोषण मेले का आयोजन

चौंमू / कालाडेरा (निंस)। चौंमू उपखण्ड के गोविन्दगढ पंचायत समिति सभागार में महिला एंवम बालविकास विभाग व मंजरी संस्थान के तत्वावधान में पोषण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच महेन्द्र शर्मा व पंचायत समिति के गुलाब चौधरी रहे । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में स्थानीय पोषण युक्त भोजन का सेवन करना एवम एनीमिया को दूर करना था। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी भी रखी थी। व संदेश दिया कि हम घर से बने शुद्ध भोजन का सेवन करे। कार्यक्रम में महिला सुपरवाइजर विमलेश ने बताया कि पोषण युक्त भोजन हमारे शरीर की पहली आवश्यकता है। गोविन्दगढ सरपंच महेन्द्र शर्मा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अपने साथ साथ गर्भ में पल रहे बच्चे के पालन- पोषण का ध्यान रखना भी जरूरी है हम ग्रामीण एरिया से है हमारे आस- पास स्थानीय फल सब्जियां ऐसी है जो पोषण, विटामिन से भरपूर होने के साथ- साथ ताजा हमे उपलब्ध होती है हमे उनका सेवन करना चाहिए। कार्यक्रम में मंजरी संस्थान की खण्ड समन्वयक सीमा शर्मा मौजूद रहे।

हैंडबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

निवाई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में शुक्रवार को 68वीं जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह जिला शिक्षा अधिकारी टोंक मीना लसाडिया एवं एपीसी टोंक श्योप्रसाद मीणा मुख्य अतिथि सुरेंद्र बेनीवाल की अध्यक्षता में समापन हुआ। प्रतियोगिता समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसाडिया ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को कहा कि कठोर परिश्रम और अनुशासन से ही जीत सुनिश्चित होती है। विद्यार्थी इसी प्रकार धैर्य एवं निष्ठा के साथ टीम बनाकर टोंक जिले का नाम रोशन करें। कार्यवाहक प्रधानाचार्य शिवराज महावर ने बताया कि 68वीं जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता 17 सितंबर से 20 सितंबर तक चली। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 42 टीमों के 17 वर्ष व 19 वर्षीय छात्र.छात्राओं ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। शारीरिक शिक्षक जंशीलाल गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 वर्षीय छात्र वर्ग में संस्कार उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली तथा बालिका वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थांवला 19 वर्षीय छात्र टीम को अतिथियों द्वारा शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी दौरान विजेता छात्र.छात्राओं को नारायणी देवी पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट सिरोही के सौजन्य से शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा प्रतिनिधि गिरिराज प्रसाद गुर्जर, आरिफ हसन, राधेश्याम स्वामी, राजेश गुर्जर, पवन कुमार शर्मा, रामेश्वर बेनीवाल, सीताराम स्वामी, रवि साहू, लड्डूलाल जाट, देवीशंकर जाट, कैलाश जाट, जगदीश सोनी, सत्यनारायण वर्मा, छीतरलाल गुर्जर, पप्पूलाल बैरवा, प्रमोद कुमार मिश्रा, शिवजीलाल बैरवा, संजय शर्मा व कौशल चौधरी सहित आदि ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

साइंस क्विज प्रतियोगिता : निवाई के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के बैनर तले स्टैंडर्ड क्लब द्वारा आयोजित साइंस क्विज प्रतियोगिता में अनुष्का चौधरी ने प्रथम स्थान, हर्षिता खंगार ने द्वितीय स्थान, नंदिनी चौधरी ने तृतीय स्थान और मोनिका चौधरी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष में प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने विजेता विद्यार्थियों को पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी एवं मेंटर ललित कुमार बेनीवाल, अंकिता राजावत, सोनू सोनी, दिव्यानी शर्मा, अमित कुमार शर्मा, राजवीर चौधरी, रमेशचंद मीणा एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

'इन्फेकशन को रोकने के लिये टीकाकरण सुगम'

मालपुरा (निस)। केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर मे शुक्रवार को एक दिवसीय वेटनरी ऑफिसर कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में टोंक जिले के वेटनरी ऑफिसर ने भाग लेते हुये पशुधन ने जीवाणु व परजीवीकर्मी में उत्पन्न हो रही दवाईयों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता पर जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यशाला में डॉ. प्रोफेसर ए के गहलोत पूर्व कुलपति राजुवास बीकानेर,डॉ. छोटू लाल बैरवा संयुक्त निदेशक पशुपालन टोंक,ब्लॉक वेटनरी ऑफिसर डॉ. अनिल परतानी का संस्थान निदेशक डॉ. अरूण तोमर ने स्वागत किया।

डॉ. गहलोत ने कहा कि देश मे अतिआवश्यक लैबोरेट्री टेस्ट के अभाव मे एन्टीबाईटीक का बिना जरूरी उपयोग के ही उपयोग बढने से बेक्टीरिया व कर्मीनाशक का उपयोग बढने से प्रतिरोधक समस्या लगातार बढ रही है। इन्फेकसन को रोकने के लिये टीकाकरण सबसे सुगम माध्यम है।

डॉ. तोमर ने एन्टीमाईक्रोबल रेजीसटेंस विषय पर अपना उदबोधन देते हुये वेटनरी ऑफिसर को कार्य करने पर जोर दिया। कार्यशाला मे राजस्थान सरकार के वेटनरी ऑफिसर के साथ 50 उनके समकक्ष अधिकारियो ने भाग लिया।

मोलाहेडा के स्वास्थ्य केंद्र का नाम शहीद बहादुर सिंह गुर्जर के नाम पर करवाने की मांग

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम पंचायत मोलाहेडा में स्थित स्वास्थ्य केंद्र का नाम शहीद बहादुर सिंह गुर्जर के नाम पर करवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. जयभगवान यादव को युवा गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष अंकित गुर्जर (नून) के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। सरपंच राजू देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत मोलाहेडा के शहीद बहादुर सिंह गुर्जर 13 दिसम्बर 1971 को ऑपरेशन लीली में कर्तव्य की पालना करते हुये वीरगति को प्राप्त हुये थे।

- शहीद बहादुर सिंह गुर्जर 13 दिसम्बर 1971 को ऑपरेशन लीली में कर्तव्य की पालना करते हुये वीरगति को प्राप्त हुये थे।

जिनकी याद को अमर रखते हुये ग्राम पंचायत ने यह निर्णय लिया है कि स्वाथ्य केन्द्र मोलाहेडा का नाम शहीद बहादुर सिंह के नाम पर हो ताकि आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिले। इस दौरान बीपीओ विजय तिवाड़ी, कृष्ण जांगल, पूर्व एबीवीपी जिला संयोजक भीमसिंह पायला, लालचन्द गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहे।

कोटपूतला स्वास्थ्य केंद्र का नाम शहीद बहादुर सिंह गुर्जर के नाम पर करवाने की मांग को लेकर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा।

रिडिंग लेने गये कर्मचारी को धमकी देने का विरोध

दौसा। बिजली कर्मचारी फैडरेशन ने एक गंभीर मामले में एसई को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामला उस समय का है जब फीडर इंचार्ज रघुनाथ महावर 7 सितंबर को उपभोक्ता रूपन्ता देवी के घर रीडिंग लेने गए। रीडिंग के आधार पर बिल जारी किया गया । लेकिन इसके बाद 18 सितंबर को महावर को धमकी भरे मैसेज मिलने लगे। इन मैसेजों में जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए हाथ.पैर तोडने की धमकी दी गई। यह सूचना कनिष्ठ अभियंता कमलेश मीना को दी गईए लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कहा कि ऐसी धमकियां उन्हें रोज मिलती हैं। इसके बाद सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का प्रयास किया गयाए लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। फैडरेशन के सदस्यों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि तुरंत संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज की जाए और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि इस पर कार्रवाई नहीं की जाती हैए तो फैडरेशन उग्र आंदोलन की चेतावनी दे रहा है। यह मामला न केवल कर्मचारियों के लिए चिंता का विषय है, बल्कि इससे यह भी स्पष्ट होता है कि कैसे समाज में जातिवाद और हिंसा का सामना करना पड रहा है। कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।